सूरज सुजान

सूरजमल स्मारक शिक्षा-संस्था (रजि.) नई दिल्ली द्वारा स्थापित

सम्पादक : **जयपाल विद्यालंकार**, महाराजा सूरजमल संस्थान, सी-4, जनकपुरी, नई दिल्ली-58
फोन 011-25552667, 25528117, फैक्स 011-25528116, ईमेल: surajsujan@gmail.com
वेबसाइट - http://www.surajmalmemorialeducationsociety.org

मासिक पत्रिका वर्ष 44 अंक 07 मई 2021

डॉ.एस.एस.राणा,पूर्व उपाध्यक्ष सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था

(02–04–1936 – 12–04–2021)

अमलतास – झुलसाती लूओं में
सुनहरा खिलाव

पत्रिका में प्रकाशित लेखों में लेखकों के अपने विचार है। प्रकाशक, मुद्रक, संपादक का इनसे सहमत होना आवश्यक नहीं।

सम्पादकीय

नहीं रहे डॉ. सूबे सिंह राणा

जयपाल विद्यालंकार 9810256995

व्यक्ति की प्रतिभा तब लोगों के सामने आती है जब वह अपने अभीष्ट क्षेत्र मैं कार्य करता है। डॉ. राणा की प्रशासनिक प्रतिभा तब सामने आई जब उन्होंने शिवाजी कॉलेज में प्रिंसिपल का पदभार संभाला। इसके बाद प्रतिभा का निरंतर विकास होता रहा और उसी का परिणाम था कि जब रामजस कॉलेज में कुछ समस्याएं आईं तो शिवाजी कॉलेज के अतिरिक्त रामजस कॉलेज का भार भी डॉ. राणा को सौंपा गया। उस समय वे वहां ओएसडी के तौर पर काम करते थे। सवेरे शिवाजी कॉलेज जाते और अपराह्न में रामजस कॉलेज जाते थे। उनकी प्रशासनिक प्रतिभा में निरंतर निखार आता रहा। विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग के मदनमोहन सेवानिवृत्त हो गए थे। उस समय विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का पूरा कार्यभार डॉ. राणा ने बहुत बेहतरीन तरीके से संभाला। प्रशासनिक क्षमता के कारण ही यूनिवर्सिटी ने डीन ऑफ कॉलेज के पद का कार्यभार उन्हें सौंपा। डीन ऑफ कॉलेज कार्यालय को एक सशक्त कार्यक्षम कार्यालय का रूप डॉ. राणा ने ही दिया। डॉ. सरूप सिंह वाइस चांसलर थे और हंसराज कॉलेज से प्रिंसिपल शांति नारायण रिटायर हो गए थे। उसी समय इस पद का निर्माण हुआ। मुझे याद आता है कि वाइस चांसलर के ऑफिस के सामने बरामदे के एक किनारे पर काम चलाऊ से ऑफिस में शांति नारायण जी बैठते थे। वस्तुतः इसे एक पूर्णकालिक ऑफिस का रूप डॉ. राणा ने ही दिया। इस से पहले डीन साहब कभी–कभी ही ऑफिस में आया करते थे। डॉ. राणा ने इसे बहुत विस्तार दिया। नेता विद्यार्थी हों, डूटा के कर्मठ कार्यकर्ता हों या कॉलेज के प्राध्यापक हों सब की सुन कर व्यावहारिक समाधान निकालने का काम डॉ. राणा बखूबी करते थे। उनका ऑफिस सबके लिए खुला होता था। बात भी समान स्तर पर होती थी। वस्तुतः शिक्षण संस्थाएं यदि दुर्भाग्य से वह टीचिंग शॉप न बन गई हो तो वहां पुलसिया दण्डे से काम नहीं होता। दण्डाधिकारी और जी–हुजूरी कर्मचारी अपने पैर पर तो कुल्हाड़ी मारते ही हैं संस्था को भविष्य की पीढ़ी के लिए भी अपंग कर जाते हैं। शिक्षण संस्था में कार्यपद्धति शासकीय न होकर स्वतः कार्य करने की होती है। मैंने 42 वर्ष तक कॉलेज में काम किया नौकरी एक दिन भी नहीं की। काम भी अपना था इस में किसी की दखलंदाजी बिलकुल नहीं थी। अध्ययन–अध्यापन और विद्यार्थी इसके अतिरिक्त जो कुछ था वह इस कार्य–निष्पादन की सुविधा के लिए अधिकारी वर्ग का था। शिक्षणालय में अधिकारी वर्ग का बस यही दायित्व होता है। दुर्भाग्य से आज शिक्षा–व्यवस्था से यह मनोवृत्ति ही गायब है। मेरे विचार से डॉ. राणा की कुशल प्रशासनिक योग्यता का यही कारण था। यह सहज था स्वाभाविक था। इसी कारण डॉ. राणा प्रशासन के हर क्षेत्र में कामयाब रहे।

डॉ. राणा पर डॉक्टर सरूप सिंह का वरद हस्त रहा। शिवाजी कॉलेज में तुलसीराम जी और उनके बाद डॉ. राणा की नियुक्ति डॉक्टर सरूप सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के कल्याण को ध्यान में रखकर की। बाद में डॉक्टर राणा जब दिल्ली विश्वविद्यालय में डीन ऑफ कॉलेज बने तो ग्रामीण यानी कृषिजीवी वे लोग जो कृषिकर्म से ही अपनी आजीविका चलाते हैं, समाज के युवकों को ध्यान में रखकर कैर गांव के पास भगिनी निवेदिता महाविद्यालय और बवाना में अदिति महाविद्यालय की स्थापना के लिए प्रयत्न किया। दूरदराज के इस इलाके मैं कॉलेज खोलने के लिए जब जगह देखने विश्वविद्यालय की समिति गई तो उनका विचार इस स्थान पर कॉलेज खोलने के पक्ष में नहीं था। समिति के एक सदस्य ने कहा कि यहां जंगल में कौन पढ़ने आएगा और कौन पढ़ाने आएगा। यहां कॉलेज चलाना असंभव है। डॉ. राणा ने उन्हें अपने कक्ष में बिठाकर समझाया, आप ठीक कहते हैं, पर जरा सोचिए क्या इसी कारण ये कॉलेज इस क्षेत्र के कृषिजीवी परिवारों के लिए वरदान नहीं होंगे। यहां के युवक सेंट स्टीफंस, हिंदू कॉलेज या अन्य किसी कैंपस कॉलेज में तो जा नहीं पाते। प्रवेश ले भी लिया तो वहां वे खुलकर विकसित नहीं हो सकेंगे। यदि हीन भावना से ग्रसित हो गए तो और भी बुरा होगा। आप इसका विरोध न करें और इस क्षेत्र के युवकों को यह एक अवसर लेने में सहायक बनें। निरीक्षण समिति ने हरी झंडी दे दी। डॉ. राणा की प्रेरणा और उद्यम से कृषक समाज के युवकों को भी दिल्ली विश्वविद्यालय में अपने माहौल में शिक्षा पाने का अवसर मिल गया। दिल्ली के सीमांत में स्थापित कॉलेजों के माध्यम से दिल्ली विश्वविद्यालय की ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंच हुई जो उस इलाके के लोगों के लिए वरदान सिद्ध हुई। इसका श्रेय डॉ. राणा, डीन ऑफ कॉलेज को ही जाता है। डॉक्टर सरूप सिंह के देहावसान के बाद उनकी याद में एक अच्छा स्मृति ग्रंथ निकालने का संकल्प डॉ. राणा ने डीन रहते हुए लिया। ऑफिस की

व्यस्तता के बावजूद बहुत अच्छे स्मृति ग्रंथ को उन्होंने तैयार किया। मैं जानता हूं स्मृति ग्रंथ को तैयार करने के लिए जिन लोगों से लेख या संस्मरण लिखने का अनुरोध किया जाता है वह बार–बार दोहराने और अनुरोध करने पर कहीं जाकर सफल होता है। फिर लेखों, संस्मरणों को व्यवस्थित करके पुस्तकाकार बनाना यह श्रम साध्य कार्य है। जब रामनिवास मिर्धा जी, जो महाराजा सूरजमल शिक्षा संस्था के अध्यक्ष भी थे, का देहांत हुआ तब मैंने उनकी पुण्य स्मृति में एक ग्रंथ, सूरज सुजान मासिक पत्रिका का विशेषांक, निकालने का प्रयास किया था। मैं उनके परिचितों को लिख–लिख कर, टेलीफोन कर–कर के थक गया, पर सफल नहीं हो सका। जबानी तो लोग बोल देते हैं परंतु लिखकर देना सरल नहीं होता। खैर डॉ. राणा ने डॉ. सरूप सिंह स्मृति ग्रंथ को बहुत अच्छा स्वरूप दिया। बहुत अच्छी तरह से उसे प्रकाशित करवाया। इतना ही नहीं उसके विमोचन का भव्य समारोह डॉ. राणा ने एसआरसी कॉलेज के सभा भवन में किया। मैं उसमें उपस्थित था। कल्पना से बहुत अधिक लोग एकत्र हुए थे। डॉ. राणा के प्रयास से यह भव्य समारोह डॉ. सरूप सिंह के व्यक्तित्व के अनुरूप हुआ। समारोह में उस समय जो लोग सम्मिलित हुए उनके लिए एक यादगार बन गया। सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था में डॉक्टर सरूप सिंह के नाम से एक उच्चस्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता अंग्रेजी के माध्यम से प्रतिवर्ष आयोजित होती है । इसकी अवधारणा डॉ. राणा ने ही डॉक्टर साहब की यादगार में की। उन दिनों वह मेरे साथ ही एक कक्ष में बैठते थे। मुझे मालूम है इस काम को वे कितने मनोयोग से करते थे। डिबेट का दायित्व जिन अध्यापिकाओं का होता था उनके साथ बार–बार मीटिंग करके हर चीज को बहुत बारीकी से देखते थे। क्या विषय होगा, कहां–कहां से कॉलेज के विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा, कौन निर्णायक होंगें, बाद में जलपान की व्यवस्था कहां पर होगी। छोटी से छोटी बात पर वे ध्यान देते थे। सरूप सिंह जी के बारे में वे स्वयं बताते थे। बताने को इतना कुछ होता था कि.....। जिस काम को वे अपने हाथ में लेते थे उसकी परत दर परत मीमांसा करना उनका स्वभाव था। इसी का परिणाम है कि आज तक वह डिबेट बहुत अच्छे स्तर पर चल रही है। इसी के समकक्ष पहले से चली आ रही एक हिंदी वाद–विवाद प्रतिस्पर्धा कैप्टिन भगवान सिंह की यादगार में आयोजित होती है। डॉक्टर सरूप सिंह और कैप्टिन भगवान सिंह परस्पर बहुत अच्छे मित्र थे। प्रायः उनकी शाम इकट्ठे बीता करती थी। हिंदी डिबेट को मैंने संभाला हुआ था। डॉ. राणा तो साथ होते ही थे। बहुत प्रयास के बावजूद भी हिन्दी डिबेट का स्तर वैसा नहीं हो पाया जैसा अंग्रेजी डिबेट का हुआ। अब तक डॉक्टर सरूप सिंह स्मृति प्रतिस्पर्धा के चार या पांच सफल आयोजन हो चुके हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि यह प्रतिस्पर्धा इसी स्तर पर आगे भी नियमित रूप से होती रहेगी ।

अपने समाज के गौरव को प्रदर्शित करने के लिए डॉक्टर राणा ने एक प्रस्ताव संस्था की कार्यकारिणी में स्वीकृत करवाया। उसके लिए आर्थिक व्यवस्था की स्वीकृति भी संस्था ने दी। डॉ. राणा की योजना संस्था में एक उचित स्थान पर, जहां हर व्यक्ति जो संस्था में आए अनायास ही उसकी निगाह उस पर पड़े, अपने समाज के कर्मठ महापुरुषों की विवरणात्मक एक पिक्चर गैलरी स्थापित करने की थी। इसके लिए उन्होंने काम भी शुरू कर दिया था। आशा करनी चाहिए यह पिक्चर गैलरी बनेगी और अपने समाज के गौरवशाली लोगों की स्मृति में इसका महत्वपूर्ण योग होगा। इसी सिलसिले में उनका विचार जाट इतिहास पर अब तक जो काम हुआ है उसे संकलित करके उसकी समुचित विवेचना करके एक अच्छे ग्रंथ के प्रकाशन का था। इस विवेचना में न किसी के मत का खंडन और न किसी तथ्य की अवहेलना होगी यह भावना इसकी जड में रही। सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था का प्रकाशन विभाग इस पर काम कर रहा है। इसकी सामग्री एकत्रित हो रही है।

जैसे दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों की ग्रामीण क्षेत्र में स्थापना में डॉ. राणा ने सफल प्रयास किया इसी प्रकार सूरजमल संस्थान के भवन निर्माण से लेकर कॉलेजों के आईपी यूनिवर्सिटी से संबद्धता डॉ. राणा के प्रयास से हुई। डॉ. राणा 1998 से 2001 तक सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के सचिव, 2001 से 2007 तक संस्था के उपाध्यक्ष रहे। उसके बाद संस्था के कंस्ट्रक्सन कमेटी के चेयरमैन तथा वर्तमान में एकेडमिक कमेटी के चेयरमैन थे। संस्था के शैक्षणिक स्तर को सर्वोत्कृष्ट बनाने में भी डॉक्टर राणा का योगदान सराहनीय है। विश्वविद्यालय में डीन रहते हुए और बाद में वहां से अवकाश ग्रहण करने के बाद डॉ. राणा पूर्णकालिक सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था की उन्नति में प्रयासरत रहे। वस्तुतः सूरजमल शिक्षा संस्थान की आज जो ख्याति है वह अन्य सहकर्मियों के साथ मुख्य रूप से मिर्धा जी, एस.पी. सिंह जी, डॉ. काद्यान और डॉ. राणा के प्रयास का ही परिणाम है। अनेक बार कार्यकारिणी में अगर कोई बात डॉ. राणा को ठीक नहीं लगती थी तो वह उसे इतना तर्कसंगत बनाकर उपस्थित करते थे कि उसे मान लिया जाता था। वह कार्यकारिणी के स्थाई सदस्य थे और हर मीटिंग में अपना होमवर्क करके आते थे। कहीं भी कोई बात कानून के रास्ते से हट कर नहीं हो सकती थी। डॉक्टर साहब का प्रयास होता था कि कोई भी चीज नियम विरुद्ध न हो। संस्था के कर्मचारी चाहे वे अध्यापक हों या चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी, नियमों के अंतर्गत रहते हुए

उनका पूरा ख्याल रखा जाए यह आग्रह डॉ. राणा का सदा रहता था। संस्था भवन से न बनकर, उन्हीं लोगों से बनती है जो वहां कार्य करते हैं। उनके प्रति एक उदारता का भाव डॉ. राणा में सदैव रहता था। कई बार मीटिंग में भी इस बात को बहुत सहजता से और ऐसे कि किसी को खटके भी नहीं, कहते थे। कर्मचारियों की वेतन वृद्धि का प्रश्न हो या उनके सर्विस के रूल्स रेगुलेशंस हों, सब में उनकी विवेचना उदार होती थी। इस संबंध में श्री एस.एस. सोलंकी ने बहुत परिश्रम से एक पुस्तिका बनाई। इसमें भी डॉ.राणा सोलंकी जी के प्रमुख सलाहकार रहे।

डॉ. राणा के साथ मेरा घनिष्ट मैत्री संबन्ध सन् 1955 से अन्तिम क्षण तक रहा। आज अतीत के प्रसंगों को याद करते हुए मैं बडे भारी मन से यह विनम्र श्रद्धांजलि उन्हें समर्पित कर रहा हूँ।

राजा महेंद्र प्रताप

प्रथम अंतरिम आजाद हिंद सरकार के राष्ट्रपति –

राजा महेंद्र प्रताप 29 अक्टूबर 1915 के दिन अफगानिस्तान में बनी प्रथम अंतरिम आजाद हिंद सरकार के राष्ट्रपति थे। इस सरकार के प्रधानमंत्री मौलाना मोहम्मद बरकतउल्ला थे। प्रथम विश्व युद्ध के दिनों में बनी इस सरकार की अपनी आजाद हिंद फौज भी थी जिसमें 6000 सैनिक थे। इसी प्रकार की एक आजाद हिंद सरकार और आजाद हिंद फौज द्वितीय विश्व युद्ध के दिनों में बैंकॉक में रासबिहारी बोस और जनरल मोहन सिंह के नेतृत्व में गठित हुई थी। जिसका नेतृत्व बाद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने संभाल लिया था। इस आजाद हिंद फौज ने भारी लड़ाई लड़कर भारत के कुछ भाग पर कब्जा भी कर लिया था। पर वह बाद की कहानी है। भारत से बाहर पहली आजाद हिंद सरकार राजा महेंद्र प्रताप ने बनाई थी।

बलिदानी स्वप्नद्रष्टा–

बलिदानी, क्रांतिकारी, स्वातंत्र्य योद्धा होने के लिए मनुष्य को सनकी और स्वप्नदृष्टा होना होता है। चतुर, समझदार, विवेकशील, फूंक–फूंक कर कदम रखने वाले लोग कभी महान् बलिदानी नहीं बन सकते। कभी कभी तो बलिदानी स्वप्नदर्शी स्वतंत्रता संग्रामियों की लगन पागलपन की सीमा तक पहुंच जाती है। राजा महेंद्र प्रताप वृंदावन के एक बड़े जागीरदार थे। जिन्हें राजा की उपाधि मिली हुई थी। वे स्वामी दयानंद द्वारा स्थापित आर्य समाज से भी प्रभावित थे। समाज सुधार और देश को स्वाधीन कराने की ललक उनके मन में भरी थी। उन्होंने भूमि दान देकर प्रेम महाविद्यालय नाम से एक राष्ट्रीय शिक्षा संस्था खोली थी और गुरुकुल वृंदावन के लिए भी भूमि दी थी।

सन् 1914 में यूरोप में पहला विश्वयुद्ध छिड़ गया और युद्ध के शुरू में जर्मनी की जीत होती दिखाई दी। तब राजा महेंद्र प्रताप ने बहुत दूर तक विचार किए बिना यह तय किया कि भारत से अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने का यह अच्छा अवसर है। अंग्रेजों की सहायता करने के बजाय (जैसी कि तब महात्मा गांधी ने की थी) अंग्रेजों के शत्रुओं की सहायता करने से देश को शीघ्र स्वाधीन कराया जा सकता है ऐसा उनका विचार था।

संपत्ति बेचकर जर्मनी गए–

जो कुछ भी संपत्ति बेची जा सकती थी उसे बेचकर राजा महेंद्र प्रताप ने धन का जुगाड़ किया और कुछ साथियों के साथ पानी के जहाज से मुंबई से जर्मनी के लिए रवाना हो गए कहा जाता है कि स्वामी श्रद्धानंद जी के जेष्ठ पुत्र हरिश्चंद्र विद्यालंकार भी उनके साथ गए थे।

बर्लिन समिति–

जर्मनी उन दिनों भारतीय क्रांतिकारियों का केंद्र बना हुआ था। वहां डॉक्टर चंपक, रमन पिल्लई, डॉक्टर भूपेंद्र नाथ दत्ता, वीरेंद्र नाथ चट्टोपाध्याय, अब्दुल हाफिज मोहम्मद बरकतउल्ला, डॉक्टर चंद्रकांत गोस्वामी, वीरेंद्र सरकार जैसे अनेक क्रांतिकारियों ने मिलकर एक बर्लिन समिति बना ली थी। महान तपस्वी क्रांतिकारी लाला हरदयाल भी वहां पहुंच गए थे। जर्मन सरकार ने बर्लिन समिति के सहयोग से भारत में हथियारों से भरे कुछ जहाज भेजे। परंतु

शक्तिशाली ब्रिटिश नौसेना ने उन्हें भारतीय क्रांतिकारियों तक पहुंचने ही नहीं दिया। उन्हें पकड़ लिया या नष्ट कर दिया।

पहली आजाद हिंद सरकार–

राजा महेंद्र प्रताप ने भी जर्मनी के राजा विलहैल्म कैसर से भेंट की और उसके सम्मुख यह सुझाव रखा कि वह अफगानिस्तान के शाह पर प्रभाव डाल कर वहां एक अंतरिम आजाद हिंद सरकार बनाने में सहायता दे। यह सरकार भारत में विद्रोह कराकर वहां से अंग्रेजों को खदेड़ने के लिए युद्ध करेगी। विलहैल्म कैसर को यह योजना ठीक लगी। उसने इसे स्वीकार कर लिया। राजा महेंद्र प्रताप को यथोचित साधनों के साथ अफगानिस्तान जाने को कहा गया। राजा अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे और उन्होंने सन् 1915 में अपनी पहली आजाद हिंद सरकार बना ली।

हबीबुल्ला की धूर्तता–

अफगानिस्तान का शासक उस समय अमीर हबीबुल्लाह था। वह धूर्त व्यक्ति था। वह जर्मनी से भी मित्रता का दिखावा करता था और अंग्रेजों से भी मिला हुआ था। उसने आजाद हिंद सरकार बन तो जाने दी परंतु उसका बस चलता तो वह राजा महेंद्र प्रताप और उसके साथियों को पकड़ कर अंग्रेजों को सौंप देता। राजा महेंद्र प्रताप के सौभाग्य से हबीबुल्लाह खान् का पुत्र अमानुल्लाह था। वह अंग्रेजों का विरोधी था। प्रधान सेनापति जनरल नादिर खां की भी सहानुभूति भारतीयों के साथ थी। अन्य बहुत से प्रभावशाली लोग भी आजाद हिंद सरकार के समर्थक थे। इस कारण हबीबुल्लाह आजाद हिंद सरकार के नेताओं को गिरफ्तार तो नहीं कर सका परंतु उनके अनुरोध पर उसने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा तो की ही नहीं आजाद हिंद सरकार को वह काम भी नहीं करने दिया जिसके लिए वह बनाई गई थी। प्रथम विश्वयुद्ध के शुरू के दिनों में जर्मनी को बड़ी सफलता मिली थी और अधिकतर लोग यह समझने लगे थे कि जर्मनी युद्ध जीत जाएगा। परंतु जब फ्रांस और इंग्लैंड ने आक्रमण का पहला धक्का झेल लिया और दोनों पक्षों की सेनाएं खाइयों के मोर्चे बनाकर आमने–सामने डट गईं और लड़ाई लंबी खिंचने लगी तब जर्मनी की जीत की आशा दिनोंदिन घटती चली गई। राजा महेंद्र प्रताप की आजाद हिंद सरकार में प्रधानमंत्री मोहम्मद बरकतउल्ला खां के अलावा मौलाना ओबेदुल्ला सिंधी गृह मंत्री, डॉ रमन पिल्लई विदेश मंत्री और डॉक्टर मथुरा सिंह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए थे।

रूस से सहायता नहीं मिली–

इस आजाद हिंद सरकार ने तुर्की और रूस से भारत के स्वतंत्रता के लिए सहायता प्राप्त करने के लिए प्रयत्न किए। डॉक्टर मथुरा सिंह और खुशी मोहम्मद को एक प्रतिनिधि मंडल के रूप में रूस के जार के पास भेजा गया जारशाही रूस प्रथम विश्व युद्ध में अंग्रेजों का मित्र था। परिणाम यह हुआ कि प्रतिनिधि मंडल के दोनों सदस्यों को ताशकंद में ही गिरफ्तार करके अंग्रेजी सरकार के पास भारत भेज दिया गया। भारत में राजद्रोह के अपराध में डॉक्टर मथुरा सिंह को फांसी दे दी गई। अफगानिस्तान में रहकर आजाद हिंद सरकार कुछ कर नहीं पा रही थी। अंग्रेजी गुप्तचर उस पर नजर गड़ाए हुए थे। इसलिए राजा महेंद्र प्रताप ने कबायली क्षेत्र में घुसकर यहां से भारत पर धावा बोलने का प्रयत्न किया। परंतु यूरोप में जर्मनी की पराजय हो जाने से उनके प्रयास विफल हो गए। युद्ध के बाद रूस में – क्रांति वीरों की असली परीक्षा विफलता के क्षणों में ही होती है। प्रथम महायुद्ध के समय सन् 1917 में रूस में साम्यवादी क्रांति हो गई थी। जारशाही समाप्त कर दी गई थी। सन् 1918 में राजा महेंद्र प्रताप रूस पहुंच गए और रूसी नेता लेनिन से उनका अच्छा परिचय हो गया। लेनिन ने उन्हें भारत लौट जाने और उसकी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की सलाह दी। यह व्यावहारिक नहीं था। राजा महेंद्र प्रताप का नाम राजद्रोहियों की सूची में था। भारत में उनकी सारी संपत्ति जप्त कर ली गई थी। भारत पहुंचते ही उनको सीधा फांसी घर पहुंचा दिया जाता। नवजात साम्यवादी रूस के लिए पूंजीवादी यूरोप की चुनौतियां ही इतनी अधिक थीं कि लेनिन भारत की स्वतंत्रता के लिए इंग्लैंड से शत्रुता मोल लेना नहीं चाहता था।

अमानुल्लाह खां के सहयोग से भारत पर चढ़ाई –

वर्ष 1919 में अफगानिस्तान के शासक हबीबुल्ला की हत्या कर दी गई और उसके स्थान पर अमानुल्ला खां शासक बना। अमानुल्ला खां से राजा महेंद्र प्रताप की मित्रता थी। वह तुरंत अफगानिस्तान पहुंच गए। उनके तथा तुर्क नेताओं के उकसाने पर 29 मई 1919 को अमानुल्ला ने हिंदुस्तान पर चढ़ाई कर दी। अंग्रेज जर्मनी और तुर्की को

परास्त कर चुके थे। उनके लिए अफगानिस्तान को हराना कठिन नहीं था। परंतु वह भी लड़ाई से ऊबे हुए थे लड़ने के बजाय उन्होंने अमानुल्ला खां की मांगें मान कर संधि कर ली। लड़कर कुछ विशेष मिलना नहीं था। संधि में उन्हें कुछ खोना नहीं पड़ा। परंतु राजा महेंद्र प्रताप का भारत की स्वाधीनता का स्वप्न खटाई में पड़ गया।

विश्व संघ और विश्व सरकार–

सारे संसार को प्रेम सूत्र में बांधना राजा महेंद्र प्रताप का पुराना स्वप्न था। इसी से प्रेरित होकर उन्होंने प्रेम महाविद्यालय की स्थापना की थी। अब वह पूरी तरह प्रेमधर्म के प्रचार में डूब गए। प्रथम विश्व युद्ध के बाद एक राष्ट्र संघ (लीग ऑफ नेशन्स) की स्थापना हुई थी। उसी को और आगे बढ़ाकर राजा महेंद्र प्रताप ने एक विश्व संघ और विश्व सरकार की स्थापना के लिए प्रचार करना शुरू किया। इस प्रसंग में वह चीन और जापान भी गए। जापान में उनकी भेंट रासबिहारी बोस और आनंद मोहन सहाय से भी हुई। उनके सम्मिलित प्रयत्न से सन् 1926 में नागासाकी में एशियाई युवक सम्मेलन का आयोजन किया गया। परंतु जापानी सरकार ने इंग्लैंड के राजदूत के दबाव में राजा महेंद्र प्रताप को नागासाकी में जहाज से उतरने की अनुमति नहीं दी। राजा ओसाका चले गए तो वहां भी उन्हें होटल से बाहर जाने की छूट नहीं थी। उन्हें एशियाई युवक सम्मेलन में भाग नहीं लेने दिया गया। सम्मेलन समाप्त हो जाने पर उन्हें बलपूर्वक जहाज पर चढ़ाकर जापान से बाहर भेज दिया गया। राजा महेंद्र प्रताप यायावर की तरह कई देशों में भटकते रहे। भारत में उनका प्रवेश निषिद्ध था। कुछ समय के लिए वह अपने पूर्व प्रधानमंत्री मोहम्मद बरकतुल्ला खां के साथ अमेरिका भी गए और गदर पार्टी के सदस्यों से मिले।

आर्यान की स्थापना का स्वप्न–

राजा महेंद्र प्रताप का एक सपना आर्यान देश की स्थापना था। इसमें उन सब देशों को मिलाकर एक देश बनाया जाना था जिनमें आर्य लोग रहते हैं। इसमें भारत के अतिरिक्त अफगानिस्तान और ईरान को भी सम्मिलित किया जाना था। उन दिनों ईरान और अफगानिस्तान में हिंदू विरोधी भावना वैसी नहीं थी जैसी सन् 1947 के बाद पश्चिमी देशों के प्रयत्न से पैदा की गई। आर्यान का स्वप्न भी स्वप्न ही रहा। सन् 1937 में अंग्रेजों ने भारतीयों को आंशिक स्वतंत्रता दी थी जिसके अनुसार कई प्रांतों में कांग्रेसी सरकारें बनी थीं। परंतु वे सरकारें भी राजा महेंद्र प्रताप को भारत आने की अनुमति नहीं दिला सकीं। वह सन् 1946 में ही भारत आ पाए, जब अंग्रेजों ने यह घोषणा कर दी कि अब इंग्लैंड भारत में अपना शासन जारी नहीं रखना चाहता। राजा महेंद्र प्रताप जैसे लगन के धनी लक्ष्य को समर्पित नेता कम ही हुए हैं।

––विराज जी की पुस्तक (भारत के महान् क्रान्तिकारी) पुस्तक से साभार उद्धृत

फरवरी अंक से क्रमशः.....

दोआब के वैभवशाली जाट राज्य

डा. राजेन्द्र कुमार, 9897821175

हाथरस :

पिछले अंकों में सासनी और मुरसान के शासकों के वर्णन में ठेनुआ राजवंश के संस्थापक ठाकुर नन्दराम और उनके पुत्रों के बारे में विस्तार से बताया जा चुका है। नन्दराम को औरंगजेब से जावर और तोछीगढ़ के दीवानी अधिकार और फौजदार की पदवी मिली थीं। उसकी मृत्यु 1696 में हो गयी थी। उसके चौदह पुत्र थे जिनमें जुलकरण, जय सिंह, भोज सिंह और चूड़ामन– इन चार के बारे में ही जानकारी मिलती है। मुरसान, सासनी और हाथरस पर नन्दराम के वंशजों का शासन रहा था। नन्दराम के दूसरे पुत्र जय सिंह ने अपने पिता नन्दराम की देखरेख में पहली बार मुरसान के बाहर अपनी गतिविधियों का विस्तार किया। हाथरस और मेंडू उस समय पोरच राजपूतों के अधिकार में थे और उनसे नन्दराम के अच्छे सम्बन्ध थे। जय सिंह ने भी पोरच राजपूतों से अच्छे सम्बन्ध बना लिये और उनकी हाथरस रियासत की मालगुजारी इकट्ठी करने में उनकी मदद करने लगा। नन्दराम के सातवें पुत्र भोज सिंह ने अपने पिता के नक्शे–कदम पर चलते हुए अपनी रियासत को बढ़ाने का काम किया। मुगल बादशाह फर्रूखसियर के समय उसके वजीर सैयद अब्दुल्ला को, जो मुगल साम्राज्य के सर्वशक्तिमान जानसठ के प्रसिद्ध सैयद भाइयों में बड़ा भाई था, प्रसन्न करके उससे टप्पा जावर और तोछीगढ़ का लगान जमा करने और इलाके की फौजदारी के अधिकार 1716 ई. में प्राप्त कर लिये थे। कुछ समय पश्चात उसने मुगल दरबार से एक परवाना और प्राप्त करने में सफलता

प्राप्त की, जिसके अनुसार उसे उस इलाके का पूरा राजस्व जमा करनें और उस पर छूट और भत्ते के रूप में आर्थिक अधिकार भी प्राप्त हो गये। साधारण भाषा में इसे जागीर कहा जाता था। यह पूरी जागीर भोज सिंह ने अपने और अपने भाई जय सिंह के बीच बराबर–बराबरं बाँट ली। समय के साथ–साथ जैसे–जैसे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आता गया, उसकी अपेक्षाओं में वृद्धि होने लगी।

जय सिंह कई वर्षों से पोरचों का राजस्व इकट्ठा करने में सहायता देने के कारण हाथरस के आन्तरिक मामलों से जुड़ा हुआ था और उसने वहाँ की जनता में और आमिल की नजरों में अपनी साख भी बना ली थी। अवसर मिलते ही उसने हाथरस से पोरच राजपूतों को निकाल बाहर किया और उस पर अधिकार कर लिया। हाथरस पर अधिकार करते ही जय सिंह ने उसे अपनी राजधानी बना लिया और उसके किले की मरम्मत और नवीकरण कराया। जय सिंह ने भरतपुर के राजाओं से भी सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित कर लिये और उनके युद्ध अभियानों में उनका साथ देने लगा। जय सिंह की मृत्यु 1749 में हो गयी और उससे अगले वर्ष ही भोज सिंह का भी देहान्त हो गया। भोज सिंह के तीन पुत्र थे, जगत सिंह, मोहन सिंह और कंचन सिंह। भोज सिंह की रियासत उसके तीनों पुत्रों में बंट गयी– बाराँ और टकसान जगत सिंह के हिस्से में आये, सिमधारी मोहन सिंह के और कोटा और छोटुआ सबसे छोटे कंचन सिंह के। फौजदार जय सिंह के बाद उसका बड़ा पुत्र बरन सिंह हाथरस का स्वामी हुआ। बरन सिंह के नाम को लेकर इतिहासकारों में भ्रम है। 'मथुरा मैमोयर्स' का लेखक ग्राउजे, जो मथुरा का कलेक्टर भी रहा था, उसका नाम बदन सिंह लिखता है, जे. एम. सिद्दीकी ('अलीगढ़ डिस्ट्रिक्ट– ए हिस्टोरिकल सर्वे') तथा ठाकुर देशराज ('जाट इतिहास') उसे बरन सिंह लिखते हैं। ब्रिटिश इतिहासकार हचिंसन लिखता है–'जय सिंह के पुत्र ठाकुर बरन सिंह ने अवध के सूबेदार पर दबाव बनाया कि हाथरस तालुका और उसके आसपास के गाँव, जो अब तक पोरच राजपूतों के कब्जे में थे, उसे स्थानांतरित किये जायें।' (अलीगढ़ स्टैटिस्टिक्स, पृ. 141) इन दिनों उत्तर भारत में भरतपुर के राजा सूरजमल का डंका बज रहा था। वीरता, रणकौशल, बुद्धि, नीति और चतुराई में उसका कोई सानी नहीं था। अपने जीवनकाल में उसने ग्यारह लड़ाइयाँ लड़ीं किन्तु वह किसी में भी पराजित नहीं हुआ। तत्कालीन फारसी इतिहासकारों, यहाँ तक कि उसके शत्रुओं के दरबारी लेखकों ने भी उसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की है। आमेर के राजा सवाई जय सिंह और दिल्ली के वजीर नवाब सफदरजंग की उस पर विशेष कृपा–दृष्टि थी और वह कृपा–दृष्टि अकारण नहीं थी। जय सिंह के हर विजय अभियान में सूरजमल उसके साथ रहा और मुसीबत के समय सफदर जंग ने जब सूरजमल से सहायता की प्रार्थना की, सूरजमल ने मुक्त हृदय से उसका साथ दिया था। सूरजमल की यह विशेषता थी कि जिसके साथ वह एक बार खड़ा हो गया, अन्त तक उसका साथ दिया, चाहे कितनी भी हानि उठानी पड़ी हो।

1761 ई. में पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठे अहमदशाह अब्दाली से बुरी तरह पराजित हुए। सूरजमल अब्दाली को पराजित कर भारत से हमेशा के लिए खदेड़ने का जी–जान से इच्छुक था, और उसके लिए उसने मराठा सरदारों होल्कर,, भोंसले और सिंधिया के साथ मिलकर खूब तैयारी भी की हुई थी, किन्तु पेशवा द्वारा भेजे गये मराठा सेनापति सदाशिवराव भाऊ ने, जो मात्र अट्ठाईस वर्षीय अनुभवहीन, बड़बोला युवक था, उसकी एक भी सलाह नहीं मानी, बल्कि अपने दम्भ के कारण उसका बार–बार अपमान किया, यहाँ तक कि उसके किसानों जैसे साधारण रहन–सहन का भी यह कहकर बार–बार मखौल उड़ाया कि तुम खेती करने वाले राजकाज की बात क्या जानों, मुग्दर भांजने, लाठी और तलवार चलाने से ही कोई वीर नहीं बन जाता, फसल काटना अलग बात है और युद्ध में विधर्मियों को परास्त करना अलग । परिणामस्वरूप सूरजमल मराठों से अलग हो कर भरतपुर वापस लौट गया।

उससे पहले 1760 ई. में सूरजमल को तटस्थ रखने के लिए नजीबुद्दौला द्वारा सूरजमल को कोल, डिबाई तथा जलेसर के परगने भेंट किये गये थे। यद्यपि अपने लाभ के लिए नजीबुद्दौला को जाटों को प्रमुखता देने के लिए बाध्य होना पड़ा था, किन्तु अन्दर से तो वह जाट राजा का शत्रु ही था क्योंकि वह उसके धुर विरोधी नवाब वजीर सफदरजंग का सहयोगी था, और नजीब मराठों के पश्चात अब्दाली की मदद से उसे भी नष्ट करने की योजना बना रहा था। इसके विपरीत अपने साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनाने के लिए नजीबुद्दौला की तरलता का लाभ सूरजमल ने उठाया। इससे सूरजमल के सम्मान और रुतबे में भी वृद्धि हुई और साथ में उसका साथ देने वाले फौजदार जय सिंह और उसके पुत्र बरन सिंह का रुतबा भी बढ़ा। सूरजमल ने अपने खोये हुए इलाकों को वापस ले ही लिया, साथ में कुछ नये इलाकों पर भी अधिकार कर लिया। ठाकुर बरन सिंह इन सब अभियानों में सूरजमल के साथ रहा। सूरजमल के साथ मिलकर वह सफदरजंग के पक्ष में भी लड़ा और इसलिए उसे सफदरजंग की भी कृपा प्राप्त हुई। सूरजमल ने मेंडू के पोरच जमींदार राजा रतन सिंह को भी परास्त कर मेंडू से बाहर कर दिया और वह इलाका बरन सिंह को सौंप दिया। सोलहवीं शताब्दी में जिन पोरच राजपूतों के अधिकार में 54 गाँव हाथरस में तथा 14 गांव मुरसान परगनों में थे, जिनमें दरियापुर, मदनपुर, तातारपुर, आलिया, मिताई, गिरजौली, हाथरस, मेंडू, लखनू, पाबलोइ,

खोंडा हजारी, और गढ़ी कंधारी प्रमुख थे, 1868 में उनके अधिकार में केवल एक पूरा गाँव तथा एक तिहाई गांव रह गये थे। उनके कब्जे वाले अधिकांश गाँव बरन सिंह के अधिकार में चले गये थे। बरन सिंह ने हाथरस के किले में भी सुधार कराये।

ठाकुर बरन सिंह का 1768 में देहान्त हो गया। उसके बाद उसके दो पुत्र थे, भूरी सिंह और सकट सिंह। सकट सिंह को टप्पा जावर की सम्पत्ति प्राप्त हो गयी जो उसके बाद उसके दो पुत्रों दुर्गा सिंह और उदय सिंह में विभाजित हो गयी। बरन सिंह की हाथरस रियासत का शासक उसका बड़ा पुत्र भूरी सिंह बना। भूरी सिंह केवल सात वर्ष ही शासन कर सका और 1775 में उसकी मृत्यु हो गयी। अल्प समय में ही उसने रियासत के प्रबन्ध में सुधार किये। वह बुद्धिमानीपूर्वक, मराठा और मुगल सरदारों के साथ संघर्षों से बचते हुए, अपनी सम्पत्ति पर अपना दावा बनाये रखने में कामयाब रहा। उसने हाथरस के किले में सुप्रसिद्ध दाऊजी के मन्दिर का निर्माण आरम्भ कराया जिसे उसके सुयोग्य पुत्र दयाराम ने पूरा किया।

ठाकुर भूरी सिंह के बाद उसका पुत्र दयाराम हाथरस की गद्दी पर बैठा। वह ठेनुआ वंश के नेताओं में सबसे अधिक योग्य, वीर, बुद्धिमान, साहित्यिक मण्डली में सवौधिक लोकप्रिय, और अत्यन्त चतुर शासक था। वह पहला व्यक्ति था जिसने हाथरस के राजा की उपाधि धारण की, जो उस काल की स्थापित शक्तियों द्वारा विधिवत मान्य कर ली गयी। उसने हाथरस रियासत का चहुं ओर विकास किया। उसकी रियासत में उसके पुरखों का सारा भाग–सिमधारी, तोछीगढ़, गुबरारी, बरहाद, करील, मांट, महाबन, सोनाइ, राया, हसनगढ़, साहपौ और खण्डौली के अलावा आगरा का कुछ भाग भी सम्मिलित था। राया की स्थापना गोधा गोत्र के मुखिया रायसेन द्वारा की गयी थी। बाद में जमशेर बेग ने उसमें एक किले का निर्माण कराया। जब राया दयाराम के कब्जे आ गया तो उसने किले का पुनर्निर्माण कराया और उसे अधिक मजबूत और सुविधासम्पन्न रूप दिया। इसी प्रकार 1772 में बेगम उमराव शाह ने सोनाई में एक किले का निर्माण कराया। दयाराम ने उस पर भी लगातार नजर रखी और आखिर में 1808 में उस पर अधिकार कर लिया और उसमें भी सुधार कराया। राजा दयाराम के शासन में सोनाई को तहसील बनाया गया। इसी प्रकार उसने अपने परिवारजनों की रियासतों को – 1776 में सिमरधारी, 1779 में तोछीगढ़, 1794 में गुरबारी और 1799 में बारहा को अपने अधिकार में ले लिया। बारहा 1777 में मराठों द्वारा उसके एक चचेरे भाई से छीन लिया गया था। उसे उसने मराठों से बलपूर्वक वापस ले लिया। इलाके पर अधिकार के लिए उसने हर प्रकार के हथकण्डे अपनाये, कुछ सम्पत्तियाँ मूल्य चुका कर खरीदीं, कुछ उसके परिजनों द्वारा गिरवी रखी गयी थीं, वे साहूकार से छुड़वा लीं, और कुछ बलपूर्वक प्राप्त कर लीं। इस प्रकार दयाराम बड़े इलाके का स्वामी बन गया।

(क्रमशः अगले अंक में).....

Events conducted in the Month of April, 2021

Maharaja Surajmal Institute Of Technology

ACTIVITIES ORGANISED BY PLACEMENT DEPARTMENT

A session and test for final year students was arranged by Careerlabs on 23rd April, 2021. The students were informed about the various career prospects like how to improve their skill and domain for the job market. A test was conducted and based on that students were counseled about their prospects in various industries. Students were also offered training and workshop sessions leading to job opportunities

ACTIVITIES ORGANISED BY IEEE MSIT AND EEE DEPARTMENT

IEEE PES MSIT and Department of Electrical and Electronics organized an expert Talk on "Green Hydrogen from Renewable Energy : Technology Outlook for the Energy Transition" on the occasion of PES DAY 2021 on 24th April, 2021.The speaker of the session was Ms. Anupma Thakur -DST-INSPIRE Senior Research Fellow @ CSIR-CSIO, Chandigarh, India. The main aim of the webinar was to promote an innovative ecosystem for affordable and clean energy solutions. Various domains on hydrogen-clean fuel, solar energy harvesting, energy transition, water splitting and many more that mainly aims to give the future outlook and market potential of green hydrogen was discussed in the session. Students received insights into the latest industrial standards and the fuel cell technologies.

शोक संदेश–चौधरी अजीत सिंह

किसान मसीहा और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के पुत्र एवं राष्ट्रीय लोकदल सुप्रीमो चौधरी अजीत सिंह का आकस्मिक निधन 6 मई 2021 को हो गया। स्व. चौधरी अजीत सिंह सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के आजीवन सदस्य थे। उत्तर भारत के किसानों के चहेते नेता स्व. अजीत सिंह जी का जन्म 12 फरवरी 1939 को उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के भड़ोला ग्राम में हुआ था। उन्होंने स्नातक, बीटेक और स्नातकोत्तर उपाधि नामी संस्थान लखनऊ विश्वविद्यालय, आईआईटी खडकपुर और प्रौद्योगिकी के इलिनोइस संस्थान शिकागो से प्राप्त की। उन्हें कृषि और आधुनिक प्रौद्योगिक के क्षेत्र में विशेष रूचि थी। उन्होंने अमेरिका में लगभग 17 वर्षों तक अमेरिकी कम्प्यूटर इंडस्ट्री में कार्य किया और 1987 में चौधरी चरण सिंह के प्रशंसकों के आग्रह पर उनकी राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए राजनीति में आ गये। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल पार्टी बनाई तथा उसके अध्यक्ष बनें। उन्हें पहली बार वर्ष 1989 में वी.पी.सिंह की सरकार की कैबिनेट में उद्योग मंत्री के रूप में शामिल किया गया था। 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उन्हें केन्द्रीय कृषि मंत्री बनाया गया। 2004 में वे बागपत से पांचवें कार्यकाल के लिए 14वीं लोकसभा के लिए फिर से चुने गये। इस साल उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार को दो लाख बीस हजार से अधिक मतों के भारी अंतर से हराया। 2009 में उन्हें लोकसभा में संसदीय दल का नेता चुना गया। 2009 बागपत से छठा कार्यकाल पूरा करने के लिए उन्हें 15वीं लोकसभा के लिए फिर से चुना गया। साल 2011 में उन्हें मनमोहन सरकार में केन्द्रीय कैबिनेट में नागरिक उड्डयन मंत्री बनाया गया। चौधरी अजीत सिंह ने नरसिंह राव से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह की सरकारों में केन्द्रीय मंत्री के रूप में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कैबिनेट में उद्योग मंत्री रहते हुए उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक गन्ना मिलों की स्थापना भी करवाई, गन्ने की बढ़ती पैदावार को देखते हुए किसानों की मांग पर गन्ना मिलों के बीच की दूरी जो 35 किमी निर्धारित थी उसे घटाकर 15 किमी कराया। किसानों को कृषि आदानों पर अनुदान और दूसरी सुविधाओं में विस्तार किया। वे भले ही कांग्रेस–भाजपा जैसी किसी भी पार्टी की सरकार में रहे हों, मगर राष्ट्रीय लोकदल के विलय के प्रस्ताव को कभी स्वीकार नहीं किया। इस साल 28 जनवरी 2021 को कुछ असामाजिक लोग संयुक्त किसान मोर्चा के अन्तर्गत भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष श्री राकेश टिकैत के गाजीपुर बार्डर के तम्बू तोड़ने पहुंचे, तो राकेश टिकैत को सम्बल देता सबसे पहला फोन चौधरी अजीत सिंह का आया था कि 'घबराओ नही हम तुम्हारे साथ हैं' और अगले दिन प्रातः में ही अपने बेटे पार्टी उपाध्यक्ष जयन्त चौधरी को किसान आंदोलन स्थल पर भेज दिया।

स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी राजनीति के मझे हुए कद्दावर नेता थे। कोई भी जब अपनी परेशानी लेकर उनसे मिलने जाते थे तो तमाम व्यवस्तताओं के बावजूद वे हमेशा उपलब्ध रहते थे। उन्हें कभी इस बात का घमंड नहीं रहा कि वे एक बड़े नेता हैं और न ही सामने वाले को अहसास होने दिया कि वह उनसे उम्र और हैसियत में छोटा है। जाट नेता होने के बावजूद उन्होंने कभी भी किसी भी जाति के लोगों के साथ भेदभाव नहीं किया, बल्कि दूसरे जाति–धर्म के लोगों की ही अधिक सुनते और उनकी मदद करते थे।

स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह के निधन से देश और किसान समाज को भारी क्षति हुई है जिसकी क्षतिपूर्ति कर पाना हम सब के लिए असम्भव है। उनके निधन से हम सबने एक किसान व मजदूर हितैषी देश सेवक तथा महान नेता खो दिया है। वे राजनीति में किसानों की एक बहुत बडी आवाज थे। सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के कार्यकारिणी सदस्य एवं संस्था के सभी सदस्य देश एवं जाट जाति की महान शख़्सियत स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

शोक संदेश

सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के आजीवन सदस्य श्री सत्येन्द्र कुमार तोमर सुपुत्र श्री आर.एस. तोमर निवासी होटल सोलिटेयर, हरि पर्वत क्रासिंग, एम.जी.रोड़, आगरा, उ.प्र.-282002, का निधन हो गया। स्वर्गीय श्री सत्येन्द्र कुमार तोमर 2010 से 2016 तक सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के कार्यकारिणी के सदस्य तथा वर्तमान में महाराजा सूरजमल संस्थान की गवर्निंग बाडी के सदस्य थे। उनके कार्यकाल में संस्था ने आशातीत सफलता प्राप्त की। स्व. तोमर जी एक सामाजिक व्यक्ति थे तथा आगरा में उनकी सामाजिक तथा व्यवसायकि क्षेत्र में विशेष पहचान थी। उनके निधन से समाज, परिवार तथा सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था की अपूर्णीय क्षति हुई है। दुःख की इस घड़ी के समय हम सभी सदस्य उनके परिवार के साथ संवेदना प्रकट करते हैं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

शोक संदेश

सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के आजीवन सदस्य श्री अजीत सिंह डबास सुपुत्र स्वर्गीय चौ. शेर सिंह निवासी मकान नं. 11, पाकेट नं. 7, सेक्टर 22 रोहिणी, दिल्ली (मूल निवासी गांव व डाक माजरा डबास, दिल्ली-81), का आकस्मिक निधन 27 अप्रैल 2021 को हो गया। स्वर्गीय श्री अजीत सिंह डबास संस्था के फाईनेंस कमेटी के चेयरमैन श्री ब्रहमदेव डबास जी के छोटे भाई थे। स्व. श्री अजीत जी ने हंसराज कालेज से स्नातक डिग्री प्राप्त की थी तथा यहां वे स्टुडेंट यूनियन के सक्रिय सदस्य रहे एवं कुछ समय तक यूनियन सेक्रेटरी पद का भी निर्वहन भी किया। उसके पश्चात दिल्ली एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड में कार्यरत रहे और अप्रैल 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे। वे सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के सक्रिय सदस्य थे तथा संस्था द्वारा आयोजित लगभग सभी गतिविधियों में शामिल रहते थे। स्व. श्री अजीत सिंह डबास जी के आकस्मिक निधन से परिवार तथा सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था को अपूर्णीय क्षति हुई है। संस्था के सभी सदस्य परिवार के साथ संवेदना प्रकट करते हुए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

शोक संदेश

सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के आजीवन सदस्य चौधरी नत्थू सिंह (प्रधान) सुपुत्र श्री लहरी सिंह निवासी 56, मैदान गढ़ी, दिल्ली-110068 का आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय श्री नत्थू सिंह भारतीय जाट महासभा के उपाध्यक्ष थे। वे सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के सक्रिय सदस्य थे। स्वर्गीय श्री नत्थू सिंह जी के आकस्मिक निधन पर सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था को गहरा शोक हुआ है। संस्था के सभी सदस्य परिवार के साथ संवेदना प्रकट करते हुए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

शोक संदेश

सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के आजीवन सदस्य चौधरी रामकरण सोलंकी सुपुत्र स्व. श्री रिजक राम निवासी WZ-933A, पालम गांव, नई दिल्ली-110045 का आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय चौधरी रामकरण सोलंकी जी 360 सर्वखाप पंचायत पालम के प्रधान थे। वे एक सामाजिक तथा मिलनसार व्यक्ति थे । स्व. चौधरी रामकरण सोलंकी जी सूरजमल सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के सक्रिय सदस्य थे तथा संस्था द्वारा आयोजित प्रत्येक समारोह में उपस्थित रहते थे। उनके आकस्मिक निधन पर सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था को गहरा शोक हुआ है। संस्था के सभी सदस्य परिवार के साथ संवेदना प्रकट करते हुए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

शोक संदेश

सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के आजीवन सदस्य श्री जगदेव सिहं, निवासी नरेला, दिल्ली-40, का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. श्री जगदेव सिंह दिल्ली बार काउंसलर के सदस्य थे। वे एक उच्चकोटि के वकील तथा सामाजिक व्यक्ति थे। स्व. श्री जगदेव जी सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था की हॉयर एजूकेशन एडवाइजरी कमेटी के सदस्य थे तथा अपना अनुभव वे संस्था के हित में साझा करते थे। सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के सभी सदस्य उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं तथा इस दुख की घडी में परिवार के साथ संवेदना प्रकट करते हुए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

शोक संदेश

सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के आजीवन सदस्य श्री जगदेव सिंह सुपुत्र स्व. चौ. हरफूल सिंह, निवासी F-32 ईस्ट ज्योति नगर, दिल्ली-110093 का आकस्मिक निधन 18 अप्रैल 2021 को हो गया। गांव बडोली, बडौत के मूल निवासी स्वर्गीय श्री जगदेव सिंह 1984 में भारतीय एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हुए थे तथा अभी मदर डेयरी चला रहे थे। अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड रहा है कि श्री जगदेव जी एवं उनकी धर्मपत्नी का देहान्त कोरोना के कारण एक ही दिन हुआ तथा छः महीने पहले ही उनके जवान पुत्र का भी निधन हो गया था जो महाराजा सूरजमल संस्थान से शिक्षा प्राप्त करके अमरीका में कार्यरत था। सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था इस दुख की घडी में परिवार के साथ संवेदना प्रकट करते हुए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

शोक संदेश

सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के आजीवन सदस्य श्री महेन्द्र सिंह सुपुत्र स्वर्गीय चौ. रघबीर सिंह, निवासी 26, हौज खास विलेज, नई दिल्ली-110016 का आकस्मिक निधन 5 मई 2021 को हो गया। स्व. श्री महेन्द्र सिंह जी सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. बलबीर सिंह जी के भाई थे। सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था के सभी सदस्य उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं तथा इस दुख की घडी में परिवार के साथ संवेदना प्रकट करते हुए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

शोक संदेश

